FYBA
Sem II

Hindi II

13/4/17
02 pages
40 copies

Library

Q.P. Code :04745

[समय: ३ घंटे] **[अंक:१००]**

Please check whether you have got the right question paper.

प्रश्न- १) निम्नलिखित अवतरणोंकी ससंदर्भ व्याख्या कीजिए:- २४

१) "क्या इसी परिवर्तन के लिए सुकुल बाबू की पार्टी और विधानसभा छोड़ी थी उन्होंने? इसी क्रांति का सपना देखा था?और क्या इसी टुच्चेपन की सौदेबाजी के लिए मंत्रिमंडल गिराने की बात सोच रहे हैं वे? नाम, चेहरे, लेबुल भले ही अलग-अलग हों - पर अलगाव है कहाँ - सुकुल बाबू...... दा साहब.......राव....चौधरी....|"

अथवा

"इसमें जिद की क्या बात हुई, दा साहब?इन हरिजनों के बाप-दादे हमारे बाप-दादों के सामने सिर झुकाकार रहते थे | झुके-झुके पीठ कमान की तरह टेढ़ी हो जाती थी | और ये ससुरे सीना तानकर आँख-में-आँख गाड़कर बात करते हैं - बरदास्त नहीं होता यह सब हमसे |"

२) "चारों ओर अविद्या और अज्ञान का अंधकार छाया है | रूढियों और मत-मतान्तरों ने देश में घर कर रखा है | तुम देश में ज्ञान और विद्या का प्रकाश फैलाओ, मैं तुमसे यही गुरु-दक्षिणा चाहता हूँ |"

अथवा

"किसी गंभीर लेखक की मोटी सी किताब यों मेज पर डाल दी थी कि लगे, रात को मैं इसका अध्ययन कर रहा था | मेरा सारा घर उन जैसे बड़े मेहमान के लायक भले ही न हो, मगर मैं ऊँचे मूल्यों में संतोष खोजने वाला व्यक्ति हूँ, यह प्रभाव मैं उन पर डालना चाहता था |"

प्रश्न-२) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए:- ३०

१) 'महाभोज' उपन्यास में पुलिसराज के चित्रण का सोदाहरण वर्णन कीजिए |

अथवा

'महाभोज' उपन्यास के माध्यम से सुकुल बाबू के व्यक्तित्व पर प्रकाश डालिए |

२) 'जमनोत्री की यात्रा' निबंध के माध्यम से लेखक द्वारा की गयी जमनोत्री की यात्रा का वर्णन अपने शब्दों में कीजिए |

अथवा

'गप-शप' से आदमी की असली और छिपी मनोवृत्तियाँ खुलती हैं |'- 'गपशप' निबंध के माध्यम से इस वाक्य की पुष्टी कीजिए |

(आगे देखिए....)

A831D34B711A8411AFC72ED0BAAA14D7

Q.P. Code :04745

प्रश्न-३) निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी **एक** का उत्तर लिखिए:- १५

१) 'महाभोज' उपन्यास की कथावस्तु को अपने शब्दों में लिखिए ।

अथवा

'एक बड़े अस्पताल के बारे में' रचना के माध्यम से सरकारी अस्पतालों की वास्तविक स्थिति पर किये गये व्यंग्य को अपने शब्दों में लिखिए ।

प्रश्न-४) निम्नलिखित विषयों पर टिप्पणियाँ लिखिए:- १६

१) 'महाभोज' उपन्यास की रुक्मा ।

अथवा

'महाभोज' उपन्यास का जोरावर ।

२) स्वामी दयानंद के गुरु ।

अथवा

'मेहमान' कहानी की पुष्पा ।

प्रश्न-५) निम्नलिखित प्रश्नों के **एक** वाक्य में उत्तर लिखिए:- १५

१) 'महाभोज' उपन्यास के रचनाकार का नाम लिखिए ।
२) 'महाभोज' उपन्यास के केंद्र में कौन-सा गाँव है?
३) उपन्यास के प्रारंभ में किसकी हत्या कर दी गयी है?
४) हरिजनों का गुनाह क्या था?
५) कानून किस पर चलता है?
६) कुर्सी के लिए सबसे बड़ा खतरा क्या है?
७) बिसू किसका हितैषी था?
८) सुकुल बाबू कौन हैं?
९) स्वामी दयानंद के गुरु का नाम लिखिए ।
१०) जीभ का रहस्य कहाँ खुलता है?
११) विष्णु प्रभाकर जी ने कहाँ की यात्रा का वर्णन किया है?
१२) जमनोत्री के पहाड़ों पर मानवों की बस्तियाँ कैसी हैं?
१३) 'एक बड़े अस्पताल के बारे में' निबंध के लेखक का नाम लिखिए ।
१४) 'मेहमान' कहानी की पत्नी का नाम लिखिए ।
१५) 'मेहमान' कहानी के पति के अनुसार उसका घर किसके घर जैसा लगता है?